Name of the Student -

Class & Section -

# पत्तियों का चिड़ियाघर

Date of Attempt -

**यह पाठ केवल पढ़ने के लिए है। इसलिए नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर बोलकर (मौखिक रूप से) दो।**

**1. मौखिक उत्तर दो :** Critical Thinking

(क) जिस प्रकार तुम कपड़े पहनते हो, उसी तरह पेड़ क्या पहने रहते हैं?

(ख) तुम्हारे बस्ते में किताबें, कॉपियाँ आदि होती हैं, तो पेड़ों के बस्ते में क्या होता है?

(ग) तुमने कितने प्रकार के पत्तों को देखा है?

(घ) जो पत्ते तुमने देखे हैं, उनके आधार पर बताओ—

(i) तुमने सबसे छोटा पत्ता कौन-सा देखा?

(ii) तुमने सबसे लंबा-चौड़ा पत्ता कौन-सा देखा?

(iii) कौन-सा गोल-गोल पत्ता देखा?

(ङ) केले, बरगद और अनार के पत्तों में क्या अंतर होता है?

(च) क्या तुम बता सकते हो कि पेड़ में पत्तों का क्या काम होता है?

(छ) क्या तुम सूखे पत्तों को कागज़ पर चिपका कर रखते हो?

(ज) क्या तुमने पत्तों को जोड़-जोड़कर किसी पशु या पक्षी का चित्र बनाया है?

(झ) तुम्हें कौन-सा पत्ता सबसे अच्छा लगता है और क्यों?

**2. अब बताओ :**

- किन पत्तों को पीसकर हाथ, पैर और बालों में लगाया जाता है?
- पूजा में किन-किन पेड़ों के पत्तों का प्रयोग किया जाता है?
- किन-किन पत्तों को पीसकर चटनी बनाई जाती है?
- कौन-कौन से पत्ते सब्ज़ी बनाने के काम आते हैं?
- क्या तुमने कभी छुई-मुई का पत्ता देखा है? उसकी क्या विशेषता है?
- किस पत्ते का प्रयोग मसाले की तरह किया जाता है।
- साँभर, दाल, कढ़ी आदि में किस पत्ते को डाला जाता है?
- किस पेड़ के पत्ते बहुत नुकीले होते हैं?

LIVEWORKSHEETS